संख्याः 52/2017/1264/33-3-2017-227/2016

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,

उत्तर प्रदेश।

पंचायतीराज अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 19 जून, 2017

विषयः- "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" दिनांक **21** जून, **2017** के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्राम पंचायतों में "स्वच्छ ग्राम स्वच्छ प्रदेश" अभियान के क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या-**41/2017/810/33-3-2017-227/2016** (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में गाँव की नालियों/तालाबों एवं गाँव के अन्दर की सफाई कराते हुए विशेष सफाई अभियान चलाए जाने के निर्देश निर्गत किए गए है।

2- आप अवगत हैं कि "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" दिनांक **21** जून, **2017** का आयोजन इस वर्ष प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किया जा रहा है, जिसमें मा0 प्रधानमंत्री जी के साथ अनेक गणमान्य जनों एवं सामान्य जनता द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। योग के पालन से जहां एक ओर तनावपूर्ण जीवनशैली को आराम मिलता हैं, वहीं दूसरी ओर शरीर को तन्दुरूस्ती प्राप्त होने के साथ ही नकारात्मक उर्जा का क्षय भी होता है। इस प्रकार योग के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता एवं पर्यावरणीय स्वच्छता के घटक को नकारा नहीं जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है किः-

- ग्राम पंचायतों में "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" दिनांक **21** जून, **2017** के दिन उक्त शासनादेश के निर्देशों का पालन करते हुए गाँव की नालियों/तालाबों एवं गाँव के अन्दर की सफाई हेतु विशेष सफाई अभियान का संचालन किया जाय।

http://shasnadeshup.nic.in

- उक्त आयोजन के अवसर पर की गयी कार्यवाही/प्रगति का अनुश्रवण करते हुए प्रगति आख्या एक सप्ताह में निदेशक, पंचायतीराज के ई-मेल- **panchraj@nic.in** पर उपलब्ध कराई जाएगी।

अतः कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोक्त।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)

अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक यथोक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- स्टाफ आफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।

2- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य विभाग/ग्राम्य विकास विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/बेसिक शिक्षा विभाग /वित्त विभाग उत्तर प्रदेश शासन।

3- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

4- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

5- निदेशक, पंचायतीराज विभाग, उत्तर प्रदेश/मिशन निदशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)।

6- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

7- समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (पं0), उ0प्र0।

8- समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तर प्रदेश को उक्त दिवस पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।

9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुशील कुमार मौर्य)

विशेष सचिव।

http://shashadeshup.nic.in